**Class – 5th.** **Subject -. Hindi.** **Topic - "निबंध लेखन"**

## Do and Learn

**प्रश्न – "मेरा प्रिय मित्र" पर निबंध लिखिये|**

### 6. मेरा प्रिय मित्र

मेरे अनेक मित्र हैं। परन्तु मोहन मेरा सबसे प्रिय मित्र है। वह एक आदर्श विद्यार्थी है। उसके पिताजी एक अध्यापक हैं। वह बहुत विनम्र है। वह दूसरों की सहायता के लिए सदैव तैयार रहता है। वह अच्छी पुस्तकें पढ़ने में रुचि लेता है। वह सदा सच बोलता है। वह बहुत बुद्धिमान और परिश्रमी है। वह अपने अध्यापकों, माता-पिता तथा बड़ों का सदैव आदर करता है। उसके अच्छे स्वभाव के कारण सभी उसे पसन्द करते हैं। वह हमारी कक्षा का मॉनीटर भी है। मुझे उस पर गर्व है।

नोट- इस निबन्ध को 'आदर्श विद्यार्थी' निबन्ध के रूप में भी लिखा जा सकता है।